जैसे - हमें अपने आसपास स्वयं सफ़ाई रखनी चाहिए।

- हमें अपनी संस्कृति नहीं भूलनी चाहिए,
- हमें अपने सारे काम सही समय पर करनी चाहिए ,

मेरी राय-
(My opinion)

अनुप्रयोग से संबंधित प्रश्न
(Application based questions)

12. आपको क्या लगता है, किन-किन तरीकों से हम अपनी चीज़ें दूसरों के साथ बाँट सकते हैं? कोई एक या दो तरीके बताइए। आपके लिए एक उदाहरण दिया गया है।

क. हम अपनी पुरानी किताबें किसी को दे सकते हैं, जिसे उनकी ज़रूरत हो।

ख. हम अपने पुराने कपड़े किसी को दे सकते हैं, जिसे उनकी जरूरत हो सकते हैं।

ग. हम अपने पुराने खिलौने किसी को दे सकते हैं, जिसे उनकी जरूरत हो सकते हैं।

भाषा की बात-
(Grammar section)

रिया कहानी लिख रही है।

किसी काम को करने के बारे में बताने वाले शब्दों को 'क्रिया' कहते हैं।

1. नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया शब्दों के नीचे रेखा खींचिए।

क. माला ने सीमा को पत्र लिखा।

ख. सुशील गीत सुना रहा है।

ग. कमला ने फूलदान तोड़ दिया।

घ. कल नानी बच्चों को एक कहानी सुनाएँगी।

ङ. लता बहुत स्वादिष्ट केक बनाती है।

2. उचित क्रिया शब्द भरकर वाक्य पूरे कीजिए।

लिखना	पीना	खेलना
झूलना	बजाना	खाना

क. मीना कविता लिख रही है।

ख. बच्चा बगीचे में झूला ......झूल...... रहा है।

ग. सुमित बाँसुरी ......बजा...... रहा है।

घ. नेहा चाय ......पी...... रही है।

3. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में से उचित वचन चुनकर वाक्य पूरे कीजिए।

क. यह आम बहुत मीठा है। (आम / आमों)

ख. सरदियों में ......रातें...... लंबी होती हैं। (रात / रातें)

ग. बातों-बातों में मैंने पाँच ......जलेबियाँ...... खा लीं। (जलेबी / जलेबियाँ)

घ. रसोईघर में एक ......चुहिया...... इधर-उधर भाग रही थी। (चुहिया / चुहियाँ)

ङ. हमारे देश में बहुत-सी ......नदियाँ...... बहती हैं। (नदी / नदियाँ)

आओ जानें, कुछ रोचक बातें-

- विश्व की 60 प्रतिशत कार्टून फिल्में या सीरियल जापान में बनते हैं।
- जापान में चौकोर आकार के तरबूज उगाए जाते हैं ताकि कम जगह में भी ज़्यादा तरबूज रखे जा सकें।
- जापान में कुछ जगहों में सड़कों पर फ्रिज रखे जाते हैं, जिनमें लोग ताज़ा बचा हुआ खाना रख देते हैं जिससे गरीब लोग भूख लगने पर उसमें से खाना निकालकर खा सकें और उन्हें किसी से माँगना भी न पड़े।